लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4574

30 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना

4574. श्री गिरीश चन्द्र:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2016 से 2021 के मध्य संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) के अंतर्गत कितनी पूंजी निवेश गत सब्सिडी जारी की गई है;

(ख) वर्ष 2016 से अब तक उत्तर प्रदेश को कितनी पूंजी निवेश गत सब्सिडी जारी की गई है;

(ग) वर्ष 2016 से अब तक कुल कितनी ऊर्जा-बचत मशीनों हेतु प्रोत्साहक उपाय किए गए है;

(घ) वर्ष 2016 से अब तक बुनाई, प्रसंस्करण और परिधान क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए कुल कितनी राजसहायता जारी की गई है; और

(ड़) इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2016 से अब तक उत्तर प्रदेश में परियोजनाओं के लिए वर्ष-वार कुल कितनी धनराशि जारी की गई है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): वर्ष 2016 से 2021 तक संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) के तहत 2,487 मामलों में 616.37 करोड़ रुपये की कुल पूंजी निवेश सब्सिडी जारी की गई है। इसके अलावा, टीयूएफएस के पुराने संस्करणों की प्रतिबद्ध देनदारियों के तहत ब्याज प्रतिपूर्ति/मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में कुल 6,799.14 करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया गया है, इस प्रकार वर्ष 2016-2021 के दौरान एटीयूएफएस के तहत कुल 7,415.51 करोड़ रूपए जारी किए गए ।

(ख): वर्ष 2016 में योजना की शुरुआत के बाद से उत्तर प्रदेश राज्य में संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) के तहत 56 मामलों में 26.76 करोड़ रुपये की कुल पूंजी निवेश सब्सिडी जारी की गई है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में इकाइयों को टीयूएफएस के पुराने संस्करणों की प्रतिबद्ध देनदारियों के तहत ब्याज प्रतिपूर्ति/मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में कुल 92.76 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं, इस प्रकार 2016 से एटीयूएफएस के तहत कुल 119.52 करोड़ रूपए जारी किए गए।

(ग): वर्ष 2016 से एटीयूएफएस के तहत कुल 525 ऊर्जा बचत मशीनों हेतु प्रोत्साहक उपाय किए गए हैं।

(घ): वर्ष 2015-16 से 2021-22 तक प्रतिबद्ध देनदारियों सहित एटीयूएफएस के तहत जारी सब्सिडी का क्षेत्र-वार और वर्ष-वार विवरण अनुबंध-**I** में दिया गया है।

(ङ): 2016 से उत्तर प्रदेश राज्य में इकाइयों को जारी की गई सब्सिडी का वर्षवार विवरण अनुबंध-**II** में दिया गया है।

अनुबंध I

वर्ष 2015-16 से 2021-22 तक जारी सब्सिडी का क्षेत्रवार, वर्षवार विवरण

(रू.करोड़ में)

क्षेत्र	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20***	**2020-21**	**2021-22**
गारमेंट/मेड-अप निर्माण	64.42	172.02	95.52	17.56	1.54	9.76	18.61
फाइबर,यार्न फ्रैब्रिक्स, परिधान और मेडअप्स का प्रसंस्करण	138.52	286.15	160.63	45.35	10.27	35.55	54.18
तकनीकी वस्त्र और गैर-बुने वस्त्र	163.10	210.56	120.68	36.82	12.10	26.49	37.61
स्टैंड अलोन स्पिनिंग	198.16	429.02	237.75	72.60	3.16	16.02	11.01
बुनाई/निटिंग	125.10	224.61	133.62	41.03	102.27	190.27	256.20
बहु गतिविधि	365.98	785.91	682.78	217.42	127.01	256.75	209.68
अन्य	339.20	509.48	481.22	189.60	58.54	21.01	13.92
कुल	**1,394.48**	**2,617.75**	**1,912.2**	**620.38**	**314.89**	**555.85**	**601.21**

***** वर्ष 2019-20 के दौरान नई योजना, एटीयूएफएस के क्रियान्वयन की क्रियाविधि स्थापित की गई थी और इस योजना के पुराने संस्करणों की देयताओं के अंतर्गत व्यय में काफी कमी आई थी जिससे इस वर्ष के दौरान अपेक्षाकृत कम व्यय हुआ था।

अनुबंध II

वर्ष 2016 से उत्तर प्रदेश राज्य में इकाइयों को जारी सब्सिडी का वर्षवार विवरण-

(रू. करोड़ में)

वर्ष	**उत्तर प्रदेश राज्य में इकाइयों को एटीयूएफएस/टीयूएफएस के तहत जारी सब्सिडी**
2015-16	16.99
2016-17	39.79
2017-18	22.33
2018-19	8.23
2019-20	20.22
2020-21	4.51
2021-22 (21.03.2022 तक)	7.05
कुल	**119.12**

*****